53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.1°c
अधिकतम 38.0 °c

**अमृतवाणी**

संघर्ष के अंधेरे से अपने हौसले कमजोर न होने देना, वक्त का ग्रहण तो सूरज और चांद भी झेलते हैं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

आतंकियों के घर में घुस कर उन्हें समाप्त करना चाहिए : रामभद्राचार्य



सूर्योदय - 5:43, सूर्यास्त - 6:51 | वर्ष : 53/ अंक : 112 | बृहस्पतिवार, 24 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

सरकार कुछ न कुछ तो सोच ही रही होगी....

## सड़कों पर उतरा गम और गुस्सा, हिन्दू-मुस्लिम एक होकर बोले दो मिनट में खत्म कर देंगे पाकिस्तान का किस्सा



**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले की घटना के बाद देश में गम और गुस्सा दोनों देखने को मिल रहे हैं। शिवचौक पर दोपहर से लेकर रात तक नारेबाजी करते हुए सैकड़ों लोग अलग-अलग जत्थों में श्रद्धांजलि देते हुए दिखाई दिये। कहीं व्यापार मण्डलों तो कहीं हिन्दू संगठनों के आह्वान पर एकजुट होकर नगर के लोग पहले शिवचौक फिर तुलसीपार्क पहुंचे, जहां मानव श्रृंखला बनाकर पाकिस्तान का विरोध करने के साथ-साथ पहलगाम में मारे गए निहत्थे लोगों की आत्मशांति की कामना की गयी। शिवचौक व तुलसीपार्क में इकट्ठे हुए नगर के गणमान्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का जवाब देश की सेना को मजबूती से देना होगा। 27 के बदले हजारों लाशें आतंकवादियों की बिछानी में कोई कोर कसर सेना को नहीं छोड़नी चाहिए। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि अब हमें देश के लिए जागना होगा और हमारी जरूरत हुई तो हम बॉर्डर तक जाने को तैयार हैं। पाकिस्तान की तरफ एक-एक डला भी फेंका गया तो किसी बम की आवश्यकता शायद नहीं पड़ेगी। जब चाहेंगे, विश्व के नक्शे से पाकिस्तान का नक्शा दो मिनट में मिटा देंगे। शिवचौक पर संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति के इकट्ठा हुए पदाधिकारियों में कृष्ण गोपाल मित्तल, शलभ गुप्ता, राकेश त्यागी ने जोरदार हुंकार भरते हुए सबको एकजुट हो जाने की अपील की वहीं तुलसी पार्क में व्यापारी सुरक्षा फोरम के बैनर तले श्रीमोहन तायल, विश्वदीप बिट्टू, पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ संघ पदाधिकारी अनिल धमीजा राजू रहेजा, नीरज शर्मा, आकाशदीप, एसडी मार्किट से अनिल नामदेव, राकेश कंसल, केवल चुग्घ, नरेश अरोरा, आकाश दीप, योगेश भगत आदि ने एक स्वर में इस घटना को न भूलने की बात दोहराई। संयुक्त रूप से एक राय होकर सभी ने कहा कि हम लोग सिर्फ चार दिन मातम मनाकर चुप हो जाते हैं। यही हमारी कमजोरी का सबब है, जबकि ऐसी घटनाओं को वर्षों तक याद तो करना ही चाहिए बल्कि बदले की ज्वाला भी मन में जलाए रखनी चाहिए। सभी ने एक स्वर में कहा कि देश को जब, जहां और जैसे हमारी आवश्यकता होगी, हम हरेक प्रकार से वहां तन, मन, धन समर्पित करने के लिए हाजिर रहेंगे।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा सैलानियों का धर्म पूछकर गोलियां बरसाकर निर्दोष लोगों की दर्दनाक हत्या किए जाने से देशभर में शोक के साथ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को इस घटना के विरोध में समाज के हर वर्ग के साथ बच्चे, बूढ़े

शेष : पृष्ठ-4 पर

## भारत ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका

**नयी दिल्ली, 23 अप्रैल (वार्ता)** भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए जघन्य आतंकवादी हमले में पाकिस्तानी तत्वों की भूमिका को देखते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर रोक लगाने, अटारी वाघा एकीकृत सीमा जांच चौकी बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के भारत में प्रवेश पर रोक लगाने और उच्चायोगों में सैन्य सलाहकारों को हटाने का फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व कैबिनेट सचिव डा टी वी सोमनाथन ने भाग लिया। बैठक करीब दो घंटे चली। बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में इन फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आज शाम सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। सीसीएस को 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई थी जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक मारे गए थे। कई अन्य घायल हो गए। सीसीएस ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद जताई। श्री मिस्री ने कहा कि दुनिया भर की कई सरकारों से समर्थन और एकजुटता की मजबूत अभिव्यक्ति मिली है, जिन्होंने इस आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की है। सीसीएस ने ऐसी भावनाओं के लिए अपनी प्रशंसा दर्ज की, जो आतंकवाद के लिए शून्य सहिष्णुता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सीसीएस को दी गई ब्रीफिंग में, आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों को सामने लाया गया था। यह ध्यान दिया गया कि यह हमला केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव सफल होने और आर्थिक विकास और विकास की दिशा में इसकी निरंतर प्रगति के मद्देनजर हुआ है।

**उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी हमले की गंभीरता को पहचानते हुए, सीसीएस ने निम्नलिखित उपायों पर निर्णय लिया:-**

(1) 1960 की सिंधु जल संधि पर तत्काल प्रभाव से रोक होगी, जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से

शेष : पृष्ठ-4 पर

### भारत की राजनयिक स्ट्राइक, सिंधु जल संधि पर रोक लगाई, अटारी चौकी भी की बंद

**नयी दिल्ली 23 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले से खिन्न भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े और गंभीर राजनयिक तथा रणनीतिक फैसले लेते हुए सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के साथ-साथ अटारी स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बंद कर दी है। भारत ने एक तरह से ह्यराजनयिक स्ट्राइकह्न करते हुए पाकिस्तान पर ह्यपांच प्रतिबंधह्न लगाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को देर शाम यहां केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने देर रात विशेष ब्रीफिंग में संवाददाताओं को इन निर्णयों की जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में बताया गया कि भारत ने भारत ने सिंधु जल संधि पर रोक लगा दी है और इसके साथ ही अटारी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट को भी बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा एक अन्य कड़ा फैसला लेते हुए भारत ने सार्क वीजा के तहत पाकिस्तानी नागरिकों के भारत में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही पहले से ही भारत में मौजूद सार्क वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिकों को एक मई के पहले भारत छोड़ने को कहा गया है। एक अन्य फैसले में पाकिस्तानी उच्चायोग में पाकिस्तानी सेना, वायुसेना, नौसेना के एडवाइजर्स को अवांछित करार दिया गया है और इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से तीनों सेनाओं के एडवाइजर्स को वापस बुलाने का निर्णय लिया गया है। एक अन्य बड़े फैसले में इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग और नयी दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में सहायक स्टाफ की संख्या 55 से घटा कर 30 की जाएगी। इन फैसलों के पाकिस्तान पर कड़े आर्थिक प्रभाव पड़ेंगे।

MAX Healthcare

नि:शुल्क हड्डी रोग जाँच शिविर आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. निकुंज अग्रवाल
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

एस. के. बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुज़फ्फरनगर

समस्याएँ: घुटने एवं कंधे में दर्द, हाथ व पैर की विकृति, लम्बे समय तक खड़े रहने से घुटनों में दर्द होना, गठिये का दर्द, चोट या बीमारी के बाद जोड़ों का न चलना, कंधे या घुटनों पर लिगमेंट की चोट

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
+91-82181 49646, 89369 33331

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000








हिन्दू वीरों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा, कायरों का वध घर में घुसकर किया जायेगा।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की घोर निंदा व हमले में मारे गए लोगों को

भावभीनी श्रद्धांजलि

सतीश गोयल | राकेश बिन्दल | दिनेश मोहन (एड.) | भीम कंसल

## 'कौन कहता है आतंक का धर्म नहीं होता?' : भड़के देवकीनंदन ठाकुर



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर की प्रतिक्रिया आई है। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता, वो हिम्मत कहां से लाते हैं? पहलगाम में धर्म पूछ-पूछ कर हिंदुओं को गोली मारी गई, फिर कैसे कह रहे कि ये इस्लामिक आतंकवाद नहीं। भाईचारे की भेट सनातनी ही चढ़ रहे हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि बहुत सह लिया, अब नहीं सहना, अब हद से ज्यादा हो रहा है, सारी सहनशीलता हमारे हिस्से ही नहीं आ गई, जो गोली की भाषा समझते हैं, उन्हें बोली नहीं गोली की भाषा समझाइए। एक बार इस आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना बहुत जरूरी है। अभी नहीं तो कभी नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार पाकिस्तान का नामोनिशान मिटाने की जरूरत है। सरकार कड़ी कार्रवाई करे।

## 'खुफिया नाकामी की वजह से हुआ पहलगाम आतंकी हमला', ओवैसी



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पहलगाम आतंकवादी हमला खुफिया नाकामी का नतीजा है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से इस घटना के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कहा कि यह हमला उरी और पुलवामा में हुई घटनाओं से भी ज्यादा खतरनाक, निंदनीय और पीड़ादायक है। हैदराबाद के सांसद ने यहां मीडिया से बातचीत में इस घटना की कड़ी निंदा की और उम्मीद जताई कि सरकार सभी आतंकवादियों को सबक सिखाएगी और पीड़ितों के परिवारों को जल्द से जल्द न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने बेगुनाह लोगों का धर्म पूछा और अंधाधुंध गोली लगाकर उनकी हत्या कर दी। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि यह खुफिया नाकामी भी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार को यह देखना चाहिए कि उनकी (आतंकवाद को रोकने की) नीति किस हद तक सफल हो रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से आए आतंकवादियों का इरादा भारत में आतंक फैलाना और निर्दोष लोगों की हत्या करना है। ओवैसी ने कहा कि यह एक पीड़ा देने वाली घटना है और यह नरसंहार है।

## पहलगांव हमले पर मोहम्मद सिराज और शमी का फूटा गुस्सा



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारतीय क्रिकेटर्स मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया और हमले की कड़ी निंदा की। दोनों ने ऑल आइस ऑन पहलगाम का फोटो भी शेयर किया।

**बिना दया के मिले सजा- मोहम्मद सिराज**

सिराज ने आगे लिखा, "मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि परिवारों को किस दर्द और आघात से गुजरना होगा। परिवारों को इस असहनीय दु:ख से उबरने की शक्ति मिले। हमें आपके नुकसान के लिए बहुत खेद है। मुझे उम्मीद है कि यह पागलपन जल्द ही खत्म हो जाएगा और इन आतंकवादियों को जल्दी ढूंढकर बिना किसी दया के दंडित किया जाएगा।"

**पहलगाम में हुआ हमला दिल दहलाने वाला- मोहम्मद शमी**

शमी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऑल आइस ऑन पहलगाम लिखे हुए फोटो के साथ लिखा, "पर्यटक आतंक नहीं, बल्कि सुंदरता और शांति खोजने आते हैं। पहलगाम में हुआ हमला दिल दहला देने वाला और अमानवीय है। हम पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ दुख और एकजुटता में खड़े हैं।"

## पहलगाम में मासूमों की हत्या से सलमान खान का खौला खून, शाहरुख खान और आमिर खान का दिल छलनी, बोले- ये अमानवीय है



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में बीते मंगलवार को दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया गया। यहां पर परिवार, बीवी-बच्चों संग छुट्टियां बिता रहे मासूम और निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। इस 'कायराना' हमले में 26 लोगों की मौत की खबर है। सलमान खान ने एक भी मासूम को मारना, पूरी कायनात को मारने के बराबर कहा है। **शाहरुख खान ने** भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की है। आमिर खान की टीम ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। **सलमान खान ने** पहलगाम में हुए हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल 2025 को पर लिखा, 'कश्मीर, धरती का स्वर्ग नर्क में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर है।' **शाहरुख खान** ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले को 'हिंसा का अमानवीय कृत्य' बताया और इस हिंसा में जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शाहरुख ने हमले की निंदा करने के लिए पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'पहलगाम में हुई हिंसा के कपटी और अमानवीय कृत्य पर दुख एवं गुस्से को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ऐसे समय में, हम केवल पीड़ित परिवारों के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर सकते हैं और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त कर सकते हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ इंसाफ सुनिश्चित करें।' **आमिर खान** की टीम की तरफ से भी ट्वीट किया गया। आमिर खान प्रोडक्शंस ने पर लिखा, 'हम पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले से बहुत स्तब्ध और दुखी हैं, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई लोगों को दुख और पीड़ा हुई। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।'

# आतंकी हमले के बाद सामने आई इस तस्वीर की सच्चाई जान रो देगा आपका कलेजा

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत से देश दहल गया है। हमले के दौरान के कई ऐसे वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिन्हें देख आपका कलेजा पसीज जाएगा। इसमें सबसे ज्यादा दर्दनाक वह तस्वीर है, जिसमें एक पत्नी अपने पति के शव के पास बैठी हुई है। आतंकियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। अब आप इस फोटो के पीछे की कहानी जानेंगे तो आपको रोना आ जाएगा। इस तस्वीर में, जिनका शव है, वो हरियाणा के करनाल निवासी 26 वर्षीय नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल हैं। पास में उनकी पत्नी हिमांशी बैठी हुई हैं। नेवी अफसर लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की छह दिन पहले ही शादी हुई थी और वो हनीमून मनाने के लिए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम गए हुए थे। मंगलवार दोपहर वह पहलगाम शहर से लगभग छह किमी दूर बैसरन में थे, जो एक घास का मैदानी इलाका है और आसपास देवदार के वृक्ष हैं। यह एक पर्यटन स्थल है और यहां बड़ी संख्या में टूरिस्ट मौजूद थे। दोपहर लगभग 2:30 बजे








आतंकियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इसमें 26 लोगों की जान चली गई। इनमें करनाल के भुसली गांव के रहने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल भी शामिल थे। हमले के बाद विनय और उनकी पत्नी हिमांशी की जो तस्वीर सामने आई उसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। हिमांशी विनय के शव के पास बेसुध सी बैठी हुई दिख रही हैं। शादी के बाद पति के साथ छुट्टियां मनाने गईं हिमांशी का आतंकियों ने उनसे सबकुछ छीन लिया। लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का पार्थिव शरीर बुधवार को ताबूत में तिरंगे से लिपटा हुआ जब दिल्ली पहुंचा, तो हिमांशी फूट-फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने ताबूत से लिपटकर सलामी दी। पति के ताबूत के पास हिमांशी ने कहा, आप जहां भी रहेंगे, हम हमेशा आपका माथा गर्व से ऊंचा रखेंगे। उन्होंने कहा, 'आप मेरी जिंदगी के सबसे बेहतरीन इंसान हैं, मैं दुआ करती हूं कि आप जहां भी रहें, खुश रहें। हम हमेशा आपका सर गर्व से ऊंचा रखेंगे।'

## दिल्ली लौटने से पहले उस जगह पहुंचे अमित शाह, जहां आतंकियों ने खेला खूनी खेल



नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली वापस लौटने से पहले पहलगाम के उस सुदूर बैसरन मैदान का दौरा किया, जहां आतंकी हमले में मंगलवार को 26 लोगों की मौत हो गई थी। गृह मंत्री ने वहां पहुंचकर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों और देशवासियों को आश्वासन दिया कि आतंकवादियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा। शाह हेलिकॉप्टर से बैसरन पहुंचे थे, क्योंकि इस घास के मैदान तक मोटर वाहन से नहीं पहुंचा जा सकता है। वहां या तो लोग पैदल जाते हैं या खच्चर की सहायता से पहुंचते हैं। यह मुख्य पहलगाम से करीब 5 किलो मीटर दूर है। गृहमंत्री ने वहां पहुंचकर अधिकारियों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सुरक्षा एजेंसियों से यह जानना चाहा कि मंगलवार दोपहर को हमला कैसे हुआ। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज का भी दौरा किया, जहां इस हमले में घायल हुए लोगों का इलाज चल रहा है। उन्होंने घायलों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। शाह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को घायलों को हर संभव मदद मुहैया कराने का भी निर्देश दिया है। इससे पहले मंगलवार रात श्रीनगर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में पुलिस नियंत्रण कक्ष में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी थी। एक्स पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि पोस्ट में शाह ने पहलगाम आतंकी हमले के 26 मृतकों के लिए पुष्पांजलि समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, भारी मन से, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लिखा।



## पहलगाम टेरर अटैक में शामिल तीन आतंकियों के स्केच जारी

श्रीनगर, 23 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलावर को हुए आतंकी हमले में लगभग 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई। इस आतंकी हमले के बाद आज यानी बुधवार को इस वीभत्स हत्याकांड में शामिल 3 आतंकवादियों के स्केच जारी किए गए हैं। इस वीभत्स आतंकवादी हमले में आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा के शामिल होने का संदेह है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद विभिन्न संघों द्वारा जारी कश्मीर घाटी में पूर्ण बंद के मद्देनजर जम्मू और कश्मीर के राजौरी जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल को आज बंद कर दिया गया है। राजौरी के मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) के अनुसार, यह निर्णय एहतियात के तौर पर लिया गया है, क्योंकि विभिन्न संघों और राजनीतिक दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए और पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते हुए बंद का आह्वान किया था।

## भारत कर सकता है हमला; पाकिस्तान को सताने लगा डर



जम्मू, 23 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई है। खुफिया सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आ रही है कि भारत के संभावित जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तान ने अपने एयरफोर्स को अलर्ट पर रखा है। साथ ही भारत-पाकिस्तान सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई है। सूत्रों के अनुसार, लाहौर, कराची, पेशावर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद जैसे प्रमुख शहरों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर में भी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने के आदेश दिए गए हैं। पाकिस्तान में यह डर है कि भारत सर्जिकल स्ट्राइक या एयरस्ट्राइक जैसे कड़े कदम उठा सकता है। जैसा कि उरी और पुलवामा हमले के बाद किया गया था। भारत की ओर से इस हमले को लेकर सख्त रुख पहले ही जाहिर किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा है कि इस कायराना हमले के गुनहगारों को छोड़ा नहीं जाएगा।

इस सबके बीच भारतीय सेना और वायुसेना ने पहले ही जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और ड्रोन व हवाई निगरानी बढ़ाई गई है। सभी यूनिट्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है। आपको बता दें कि आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में दो विदेशी नागरिक थे, जिसमें एक संयुक्त अरब अमीरात से और एक नेपाल से था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले के बाद सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही समाप्त की और बुधवार सुबह भारत लौट आए। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मंगलवार शाम को श्रीनगर पहुंचकर सुरक्षा हालात का जायजा लिया।

## पहलगाम हमला: 'मजहब पूछकर गोली मारी क्योंकि उन्हें लगता है मुसलमानों को...', रॉबर्ट वाड्रा का विवादित बयान



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने विवादित बयान दे दिया है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि देश में हिंदू-मुस्लिम हो रहा है, इससे मुसलमान असहज महसूस कर रहे हैं और यही कारण है कि पहचान पूछकर आतंकवादी हत्याएं कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने साथ में ये भी साफ कर दिया है कि ये उनकी अपनी सोच है। कांग्रेस या उनके परिवार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मुझे बहुत बुरा लग रहा है और मेरी गहरी संवेदना उन लोगों के साथ है, जिनकी इस आतंकी घटना में जान चली गई।' वाड्रा ने देश के माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार अक्सर हिंदुत्व की बात करती है। इससे अल्पसंख्यक समुदाय असहज और परेशान महसूस करता है। वाड्रा ने कहा अगर आप इस आतंकी घटना को देखें, अगर वे (आतंकवादी) लोगों की पहचान देख रहे हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्योंकि हमारे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एक विभाजन आ गया है। वाड्रा ने आगे कहा कि ऐसी घटनाओं से आतंकी संगठनों को यह लग सकता है कि हिंदू, मुसलमानों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहचान देखना और फिर किसी को मार देना, यह प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश है, क्योंकि मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यक कमजोर महसूस कर रहे हैं...यह ऊपर से आना चाहिए कि हम अपने देश में सुरक्षित और धर्मनिरपेक्ष महसूस करते हैं और हम इस तरह के कृत्य होते नहीं देखेंगे।



## 27 की जगह 2700 लाशें, जब तक नहीं जाएंगी। हमें संतोष नहीं होगा : रामभद्राचार्य

रामभद्राचार्य महाराज ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं इस घटना से बहुत क्रुद्ध हूं। कल से मैंने भोजन नहीं किया है। इसका उत्तर सीधे सर्जिकल स्ट्राइक से होना चाहिए। घर में घुसकर बेईमानों को मारना चाहिए। इस घटना में पाकिस्तान की साजिश है। सब पाकिस्तान करा रहा है। इसका बहुत गंभीर प्रणाम होगा और दो-तीन दिन में ही होगा। इन्होंने हिंदुओं को चुन-चुन और गिन-गिन कर मारा है। इनके यहां से 27 की जगह 2700 लाशें, जब तक नहीं जाएंगी। हमें संतोष नहीं होगा, उमर अब्दुल्ला क्या करते रहे मुख्यमंत्री होकर। मुझे लगता है इसमें उमर अब्दुल्ला का भी हाथ होगा। यह क्यों नहीं इस्तीफा दे देते। हम तो इसको केंद्रीय शासित चला ही रहे थे, राष्ट्रपति शासन लगा दें।

## करारा जवाब देंगे : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दो टूक कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता है और जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने साफ किया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। इसके अलावा, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर भारत के खिलाफ साजिश रची है, उन तक भी पहुंचा जाएगा। एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, आप जानते हैं कि कल पहलगाम में धर्म को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य से हम सभी गहरे शोक में हैं। सबसे पहले उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपनों को खोया है। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना करता हूं। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। मैं इस मंच से देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि घटना के मद्देनजर भारत सरकार वह हर कदम उठाएगी जो जरूरी होगा। हम सिर्फ उन लोगों तक नहीं पहुंचेंगे, जिन्होंने घटना को अंजाम दिया है, हम उन तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर भारत के खिलाफ नापाक साजिश रची है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 7205/09.07.2012 में नियमों की जानकारी न होने कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अंकित नहीं कराया गया था तथा गलती से माता का नाम नूपुर अंकित करा दिया गया था, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम प्रणव कुमार (PRANAV KUMAR) व माता का नाम नुपुर अग्रवाल (NUPUR AGGARWAL) है और भविष्य में भी इन्हीं नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण एवं शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक-Ganga Sagar S/o Radhey Shyam
R/o 203/58, North Civil Lines,
Muzaffarnagar, Mob.: 9760717617

**सूचना**

मेरे पुत्र मौ0 अब्बुज़र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 5297, दिनांक 06/06/2014 में गलती से पिता का नाम आबिद अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम मौ0 आबिद है और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- मौ0 आबिद पुत्र इस्लाम
म.नं.-93, कस्सावान-2, मुजफ्फरनगर
मो. 9837485892

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल, (बु.)।

गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1250-1360, चाकू 1450-1721, लड्डू 1500-1585, खुरपापाड़ 1400-1460, शक्कर मसाला 1580-1590, आमद- 3000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल, (बु.)।

मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97,600 | चांदी- | 98000 |
| सिक्का- | 11000 | गिन्नी- | 72720 |



संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# पहलगाम अटैक के बाद कौन-कौन देश भारत के साथ खड़े नजर आए



नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत हुई है, जिसकी दुनिया भर में निंदा की गई है। दुनिया भर के कई देशों के नेताओं ने पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की और भारत के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अमेरिका, रूस, इटली समेत दुनिया के तमाम देशों ने दुख जताया है और इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियों से जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस मिलकर बड़ा सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह हमला अनंतनाग जिले के बायसरान घास के मैदान में हुआ है। इस हमले के बाद पीएम मोदी सऊदी यात्रा बीच में ही छोड़कर भारत आ गए। इस आतंकी हमले पर पूरी दुनिया ने दुख व्यक्त किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर-के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना जाहिर की है। ट्रंप ने हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता के लिए तैयार है। इटली की प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए भारत सरकार और यहां के लोगों के साथ एकजुटता की बात कही। मेलोनी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना भी जाहिर की।

**भारत के साथ खड़े ये देश**

बांग्लादेश देश हमले पर दुनिया भर के कई देश भारत के साथ खड़े हैं, इनमें ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, फ्रांस, इजराइल, जर्मनी, गुयाना, रसिया, इटली, न्यूजीलैंड, टर्की, यूक्रेन, मालदीव, पनामा, तुर्की, एसटोनिया, श्रीलंका, यूएई, जापान, अर्जेंटीना, चिली, ईरान, थाईलैंड, अफगानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश समेत कई देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आए। इसके साथ ही मदद का भरोसा भी दिया है। डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना बहुत भयानक है। डेनमार्क भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कार्यों की कड़ी निंदा करता है। हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा लड़का रमन सिंघल मेरे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में बैठने लगा है इसलिए मैंने अपने लड़के रमन सिंघल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा लड़का रमन सिंघल कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आज से मेरा व मेरे परिवार का रमन सिंघल से कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

सुरेश कुमार
पुत्र श्री रिड्कूमल सिंघल
39, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर
M. 9760971833

## पहलगाम हमले के बाद कश्मीर यात्रा की 90 फीसदी बुकिंग रद्द



जम्मू-कश्मीर, 23 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश स्तब्ध है। कश्मीर घूमने की प्री-प्लानिंग करने वाले पर्यटक लगातार अपनी बुकिंग रद्द कर रहें हैं। दिल्ली की कई ट्रैवल एजेंसियों ने बुधवार को बताया कि कश्मीर में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों द्वारा सुरक्षा कारणों की वजह से लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द कर दी गई हैं। कनॉट प्लेस के 'आउटर सर्कल' के शंकर मार्केट में 'स्वान ट्रैवलर्स' नाम की एक ट्रैवल कंपनी स्थित है। इसके मालिक गौरव राठी ने बताया है कि, "अधिकांश पर्यटकों ने अगले महीने कश्मीर जाने की योजना बनाई थी और अब वे बुकिंग रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं। लगभग 25 लोगों ने उनसे जम्मू-कश्मीर के लिए अपनी बुकिंग रद्द करने को कहा है।" बाकी ट्रैवल एजेंसियों ने बताया कि कश्मीर के लिए लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द कर दी गई हैं, जबकि कुछ पर्यटक वैकल्पिक गंतव्यों को लेकर तोल-मोल कर रहे हैं। कुशा ट्रैवल्स के मालिक देव ने बताया, "कुछ परिवारों ने हमसे बुकिंग कराई थीं। बस और फ्लाइट टिकट से लेकर होटल तक सब कुछ पहले से बुक था, लेकिन जैसे ही आतंकी हमले की खबर आई, हमें बुकिंग रद्द करने के लिए फोन आने लगे।" गुड लौटने की संभावना है।" वहीं 'स्वास्तिक ट्रैवल्स' नाम की एक अन्य ट्रैवल कंपनी ने बताया कि कश्मीर न केवल दिल्लीवासियों की पहली पसंद है। केवल दिल्ली के लोग ही अपनी योजनाएं रद्द नहीं कर रहे बल्कि राजधानी में पहले से मौजूद पर्यटक भी कश्मीर की अपनी यात्रा रद्द कर रहे हैं।" कश्मीर के पहलगाम शहर की बैसरन घाटी को 'मिनी स्विटरलैंड' कहा जाता है। कश्मीर घूमने वाले पर्यटकों के लिए यह पसंदीदा जगह है। यहां पर प्री-बुकिंग हो चुकी थी। ट्रैवल एजेंट्स का मानना है कि कुछ बुकिंग, खास तौर पर उड़ानों और होटलों के रुपये वापस नहीं किये जाते हैं इसलिए 'टूर एजेंसियों' के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गयी है।

गाइड टूर्स एंड ट्रैवल्स' के ट्रैवल एजेंट कार्तिक वर्मा ने बताया, "इस महीने (अप्रैल) और अगले महीने (मई) के लिए हमारे पास कश्मीर की 20 से ज्यादा बुकिंग थीं, लेकिन उनमें से लगभग सभी अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दी गई हैं। लोग रुपये वापस मांग रहे हैं। वे कह रहे हैं कि वे अपने प्रियजनों को ऐसी जगह ले जाने का जोखिम नहीं उठा सकते, जहां से उनके वापस न

## प्रयोगशालाओं में पशुओं पर होता अत्याचार

### (विश्व प्रयोगशाला पशु दिवस, 24 अप्रैल पर विशेष)


डॉ. वंदना शर्मा

आप बंद कोठरी के अंदर रहने की कल्पना करें। आप कब क्या खाएँगे, कब लाइट जलेगी, कब बंद होगी, आपके साथ कोई साथी होगा, नहीं होगा, आप अपना जीवन कैसे व्यतीत करेंगे, आपका जीवन आपके नियंत्रण में ही ना हो, अपना जीवन इसी तरह एक कैदी के रूप में बिताने के बारे में सोचें, भले ही आपने कोई अपराध नहीं किया हो। जी हाँ, ऐसा ही जीवन प्रयोगशाला में एक जानवर का होता है। मानव द्वारा दिया गया यह अभाव, हताशा, दुख व दर्द से भरा जीवन एक असहनीय क्रूरता है।

दुनिया भर की प्रयोगशालाओं में जानवरों की पीड़ा समाप्त करने तथा उन्नत वैज्ञानिक गैर-पशु तकनीक के साथ उनके प्रतिस्थापन के उद्देश्य से 24 अप्रैल को विश्व प्रयोगशाला पशु दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रयोगशालाओं में अनेक अनुसंधान, प्रयोग, जैव चिकित्सा व शिक्षा क्षेत्रों में जानवरों का बड़े स्तर पर परीक्षण के लिए प्रयोग किया जाता है, जिसमें उन्हें असहनीय पीड़ा से गुजरते हुए प्रायः मृत्यु प्राप्त होती है। इन क्षेत्रों में प्रयोग में लाए जाने वाले प्रमुख जानवर हैं- मेंढक, कॉक्रोच, केंचुए, स्नेल, मछली, खरगोश, चूहे, बंदर, गाय, बिल्ली, कुत्ते आदि। हालाँकि शिक्षण संस्थानों में इंटर तक जंतु विच्छेदन पर रोक लगा दी गई है, परंतु उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए वर्तमान में भी इनका उपयोग हो रहा है।

पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) की मानें तो हर साल 110 मिलियन से ज्यादा जानवर सिर्फ अमेरिकी लैबों में मार दिए जाते हैं। कुछ पर दवाओं की जांच होती है, कुछ पर कॉस्मेटिक्स की। कुछ को जहरीली गैसें सुंघाई जाती हैं, तो ज्यादातर को लोहे के पिंजरों में ऐसे रखा जाता है कि वे हिल-डुल भी न सकें। हर साल, दुनिया भर में लाखों जानवरों को कक्षाओं में काट दिया जाता है। उनके फॉर्मलडिहाइड-संरक्षित शवों को विभिन्न स्थानों से छात्रों की प्रयोगशालाओं में चीरफाड़ करने के लिए भेजा जाता है। शेम्पू, सर्फ, ओवन क्लीनर, फर्श पोलिश, पेंट, कीटनाशक तथा खरपतवार कुछ ऐसे उत्पाद है, जो सुरक्षा के लिहाज से इस्तेमाल से पहले जानवरों पर परीक्षण करके पास किए जाते हैं। एक औषधि के लिए, विभिन्न परीक्षणों में लगभग 3000 जानवर इस्तेमाल हो सकते हैं।

प्रयोगशालाओं में जानवरों का यह उपयोग भयानक क्रूरता है। अनेक जानवरों को प्रयोग व अनुसंधान के नाम पर मौत दे दी जाती है। ये क्रियाएँ पारितंत्र के लिए गहरा संकट है।

इस संकट से बचने के लिए आवश्यक है कि इन सभी कार्यों के लिए गैर पशु तकनीक को अपनाया जाए। इन कार्यों के लिए जानवरों का उपयोग परंपरागत, रूढ़िवादी विधि है। वर्तमान में यही कार्य अनेक आधुनिक तकनीकों द्वारा किया जा सकता है। कई शिक्षण संस्थानों और अन्य जगहों पर इस बात की जागरूकता है कि छात्रों को पढ़ाने के कई बेहतर तरीके मौजूद हैं।

आज उन्नत तकनीक मौजूद हैं। जानवरों के विच्छेदन और उनपर क्रूर प्रयोग करने जैसे क्रूर और रूढ़िवादी तरीके छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकते हैं। यही कारण है कि दुनिया भर के शिक्षण संस्थान शैक्षणिक रूप से छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए जानवरों को इस्तेमाल करने की बजाय वर्चुअल विच्छेदन, कंप्यूटर लर्निंग, क्लीनिकल अभ्यास और ह्युमन-पेसेंट सिम्युलेटर जैसे बेहतर उपकरणों को अपना रहे हैं। हालाँकि परीक्षण के लिए जानवरों का उपयोग पूर्ण रूप से तो नहीं रोका जा सकता, लेकिन जहां अन्य विकल्प हैं, वहाँ इनके उपयोग से बचना चाहिए।

पेटा जैसे कुछ गैर सरकारी संगठन इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा लोगों को जागरूक करने के साथ, हस्ताक्षर अभियान, वित्त पोषण अभियान जैसे अनेक कार्य किये जा रहें हैं। आइए हम भी ऐसे किसी अभियान में तन, मन अथवा धन से अपनी सहभागिता द्वारा इस नेक कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान करें।

**सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर, मुजफ्फरनगर**

वाद सं0 टी- 202409550107791 सन-2024

1-अनिल 2-महेश 3-सुरेश पुत्रगण श्री मनीराम निवासीगण ग्राम बहेड़ी, परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। ..........वादीगण

बनाम

1- श्रीमति केला पत्नी स्व0 शिवनाथ, मृतक के विधिक वारिसान/प्रतिनिधि 1/1- राहुल पुत्र सादीराम 2-सुखबीर पुत्र श्री बेगराज सिंह, मृतक के विधिक वारिसान/प्रतिनिधि 2/1- राकेश कुमार 2/2- सुबोध कुमार पुत्रगण स्व0 सुखबीर 3- खचेडू पुत्र श्री दुर्गा, मृतक के विधिक वारिसान/प्रतिनिधि 3/1-वेद प्रकाश 3/2- सत्यप्रकाश 3/3-धन प्रकाश पुत्रगण स्व0 खचेडू 4- प्रमोद कुमार पुत्र श्री ईश्वर 5-विनोद कुमार पुत्र श्री ईश्वर 6-सगवा पुत्र श्री चन्द 7- विरेश कुमार दत्तक पुत्र श्री मुंशीराम 8- जय कुमार 9- राजीव कुमार 10- शिव कुमार11-राकेश कुमार पुत्रगण श्री सूरज मल 12-सतेन्द्र पुत्र सेवाराम 13-श्रीमति सनीवती शर्मा पत्नी श्री विरेन्द्र 14-अशोक पुत्र श्री विरेन्द्र 15-देशदीपक पुत्र श्री भोपाल सिंह 16-संजय पुत्र श्री सौराज 17-सुरेन्द्र प्रकाश पुत्र श्री रघुवीर सिंह 18-रामधन 19-रामकुमार सिंह 20- दिनेश कुमार 21-हरिओम पुत्रगण श्री महेन्द्र सिंह 22-वरूण त्यागी पुत्र निरंकार प्रसाद 23- श्रीमति सुषमा रानी पत्नी निरंकार प्रसाद 24-निशान्त त्यागी पुत्र निरंकार प्रसाद 25- शादीराम पुत्र श्री जगदीशप्रसाद 26- श्रीमति शरमा पत्नी जगदीश (मृतक)(विधिक वारिसान प्रतिवादीगण सं0 22 ता 24) 27-जुगमन्दर पुत्र श्री सन्तो (मृतक) के विधिक प्रतिनिधि /वारिस 27/1-बालमुकन्द पुत्र स्व0 जुगमन्दर 27/2-अनन्त पाल पुत्र स्व0 जुगमन्दर निवासीगण ग्राम बहेड़ी, परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर 28- संजीव त्यागी पुत्र श्री बीरबल निवासी ग्राम बहेड़ी परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी नेहरू नगर रूड़की, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड 29- ग्राम सभा/ग्राम पंचायत ग्राम बहेड़ी, परगना चरथावल, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान ..........प्रतिवादीगण

मौजा- बहेड़ी
धारा-116 यू0पी0आर0सी0-2006

दरगाह वादी ने आपके नाम उक्त वाद नालिश बाबत तकसीम हेतु दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 24/04/2025 को 10 बजे प्रात: में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुतालिका मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाबदेही और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजि तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा।

बस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज बतारीख 19/04/2025 को जारी किया गया।

(रीडर)
न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट
सदर, मुजफ्फरनगर

सील
न्यायालय

**कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर**
**अल्पकालीन निविदा सूचना**

संख्या 43/नाजिर सदर-प्रदर्शनी दिनांक 23/04/2025

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 23/04/2025 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैंठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 (01-04-2025 से 31-03-2026 तक) के लिये निर्धारित शर्तो के अधीन केवल ऑफलाईन टैन्डर प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 01/05/2025 को अपराह्न 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोड़ा जाना है। टैन्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशानुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित तीन वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, प्रस्तुत करना होगा। मंगल पैंठ बाजार ठेके के लिए मोहरबन्द टैन्डर आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक ठेकेदार अपने टैन्डर 01-05-2025 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपराह्न तक डाल सकते हैं। टैन्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोले जायेंगे। टैन्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ0डी0/बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम pledged (गिरवी) करनी होगी। टैन्डर की अन्य विस्तृत शर्तें डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती हैं। टैन्डर सम्बंधी शर्तें एवं टैन्डर फार्म दिनांक 01/05/2025 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस/समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर /कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टैन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। टैन्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 (01-04-2025 से 31-03-2026 तक) के लिये बोली जायेगी। टैन्डर प्रक्रिया से वर्क ऑर्डर जारी होने तक जितने मंगल पैंठ बाजार नहीं लगेंगे उनकी आनुपातिक धनराशि ठेके की धनराशि से कम कर दी जायेगी। टैण्डर विवरण निम्नानुसार है-

| क्र0 सं0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार मंगल पैंठ बाजार का ठेका | दस लाख रूपये मात्र | 10,000/- + GST |

(विकास कश्यप)
नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी
डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी
मुजफ्फरनगर।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## आतंकी हमला, गिरी हुई सियासत

एक तरफ आतंकी हमले की भयावह तस्वीरें सामने आयीं, जिनके अपनों को आतंकियों ने नाम पूछ-पूछ कर हत्या कर दी है, उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है, तो दूसरी तरफ गिरी हुई सियासत की तस्वीर भी सामने आ रही है। गिरी हुई सियासत जो हर घटना पर सामने आती है, इस आतंकी हमले के बाद भी सामने आ रही है। आतंकियों ने निहत्ये पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर गोलियों से भून दिया। इस वारदात को अंजाम देने में आतंकियों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। हाथों में अत्याधुनिक एके-47 राइफल से लैस होकर पहुंचे आतंकियों ने पर्यटक का धर्म जानने के लिए नाम पूछा, अजान लगवाइ, कपड़े उतरवाए, कलमा पढ़वाया। इतना ही नहीं, कश्मीर की वादियों में पहुंचे नवविवाहित की भी नृशंस हत्या कर दी गई। पत्नियों के सामने उनके पतियों के सिर में गोलियां मारी गई। इस दिल दहला देने वाली और मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना के बाद पूरा देश गुस्से में उबल रहा है। हरेक भारतीय अपनी सरकार से इस घटना के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के इंतजार में है। इस आतंकी हमले से देश तो दहला ही हुआ है, दुनिया भर के लोग भी फिक्रमन्द हैं, लेकिन कुछ नेता हैं जो अच्छी सियासत कर ही नहीं सकते, उनके बयान सामने आ रहे हैं, सोशल मीडिया पर लोग उन्हें खरी-खरी सुना भी रहे हैं। पहलगाम की घटना को लेकर अब निचले दर्जे की राजनीति होने लगी है। अखिलेश यादव, राबर्ट वाड्रा और संजय राऊत की पोस्ट के बाद इन तीनों को सबसे ज्यादा ट्रोल किया जा रहा है। लोग कह रहे हैं कि अखिलेश यादव ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले को जिसमें नाम पूछ-पूछ कर लोगों की हत्या की गई, उसे हादसा बताया है। उन्होंने पहलगाम की बर्बर घटना को आतंकी हमला नहीं लिखा। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में आतंकी हमले को सरकार की नाकामी बताया है। इसमें मरने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव के आरोपों पर बहस छिड़ गई है। अखिलेश यादव की पोस्ट पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आतंकियों की बात करने वाले मुख्तार और अतीक जैसे माफियाओं को अखिलेश यादव ने सिर्फ सरंक्षण ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें टिकट देकर विधानसभा भेजा, जिस दौर में आम जनता डर के साये में जी रही थी, उस दौर में ये अपराधी वीआईपी ट्रीटमेंट पा रहे थे। योगी सरकार ने जिस माफिया राज को नेस्तनाबूद किया, उसी को अखिलेश यादव फिर से सत्ता में लाना चाहते हैं। यही है सपा का असली वोट बैंक। गुंडे, माफिया, अपराधी और जब ये अपराधी जेल के अंदर खत्म हो गए हैं, तब अखिलेश उनकी मौत पर सवाल उठाकर माफिया प्रेम का सबूत दे रहे हैं। देश समझ गया है कि अखिलेश के लिए अपराधी वोट हैं और जनता की सुरक्षा बस एक जुमला। अखिलेश यादव के आरोपों पर एक अन्य सोशल मीडिया यूजर दिल्ली निवासी ने लिखा अखिलेश यादव जी! दुख की इस घड़ी में आपकी ओर से इस तरह की ओछी राजनीति देखकर बेहद निराशा हुई, जब पूरा देश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आहत है, तब आप इस त्रासदी को अपनी सियासी रोटियां सेंकने का माध्यम बना रहे हैं। यह समय एकजुटता का है, न कि आधारहीन आरोप लगाने का। मोदी सरकार ने तुरंत इस हमले पर कड़ा संज्ञान लिया है। अमित शाह स्वयं जम्मू-कश्मीर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं, और एनआईए को जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सोनिया गांधी के दामाद राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा का विवादित बयान भी चर्चाओं में है। उन्होंने कहा कि यह हमला प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के लिए संदेश है। वाड्रा ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि मारे गए लोगों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। वाड्रा ने कहा कि देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच एक खतरनाक खाई बन गई है और अल्पसंख्यक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यदि हमलावर पहचान देखकर लोगों को निशाना बना रहे हैं, तो यह दर्शाता है कि देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ा है, जब तक सभी नागरिक खुद को सुरक्षित और बराबरी का महसूस नहीं करेंगे, तब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ लोगों ने उनके बयान की निन्दा की तो कुछ ने यह सवाल उठाया कि मीडिया उनकी राय को क्यों तवज्जो देता है। कांग्रेस नेता कर्ण सिंह ने भी इस आतंकी घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे अविश्वसनीय और दिल दहला देने वाला हमला बताया और कहा कि कश्मीर जैसे पर्यटन-आधारित क्षेत्र में इस तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्ण सिंह ने आशंका जताई कि यह हमला पूर्व नियोजित था और हमलावर पहले से घाटी में सक्रिय थे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि घटना की गहन जांच कराई जाए और सुरक्षा एजेंसियों को सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने एक बेतुका बयान दिया है। सांसद संजय राउत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि अमित शाह देश के सबसे बड़े विफल गृह मंत्री हैं। अमित शाह को गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा और कहा कि आप किस आधार पर मुंहतोड़ जवाब देंगे? क्या आप गोमूत्र छिड़ककर उन्हें पुनर्जीवित करने की कोशिश करेंगे? पहलगाम हमले के बाद अमित शाह जम्मू-कश्मीर पहुंचे और उनकी सुरक्षा में दर्जनों सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। अब अमित शाह को वह सुरक्षा देने का क्या फायदा? देश के लोगों की जान जा चुकी है और आप अब जा रहे हैं। इस घटना के बाद बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि देश का बंटवारा जब हिंदू-मुसलमान के नाम पर हो गया, तो केवल वोट बैंक के लिए अल्पसंख्यक के नाम पर मुसलमानों को ज्यादा अधिकार देकर हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने वालों को आज पहलगाम की घटना पर बताना चाहिए कि यह हत्याएं धर्म के आधार पर की गई या नहीं? उन्होंने आगे कहा कि लानत है सेकुलरवादी नेताओं पर। आर या पार, पाकिस्तान के कब्जे का कश्मीर हमारा होगा। धैर्य रखिए यह मोदी की सरकार है, जिसके गृहमंत्री अमित शाह हैं। संविधान का आर्टिकल 26 से 29 तक खत्म करने का समय आ गया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'शक्ल' 'शैतान' 'सियासत' 'पैंतरे'

शक्ल से शैतान बाहर आ रहा है,
अब तुम्हारे सिलसिले खुलने लगे हैं।
चल न पाएगी सियासत अब तुम्हारी,
अब तुम्हारे पैंतरे खुलने लगे हैं।

## सिंधु समझौता स्थगित, अटारी बॉर्डर बंद

### 48 घंटे में भारत छोड़े पाक नागरिक...

पहलगाम हमले के बाद भारत के पाकिस्तान पर 5 बड़े एक्शन

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत ने बड़ा राजनयिक कदम उठाते हुए सिंधु समझौता स्थगित कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों से कहा गया है कि 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ दें। इसके साथ ही अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया गया है। अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत नहीं दी जाएगी। वहीं इसके साथ ही सेना को भी हाई अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीए की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कई सख्त फैसले लिए।

- भारत ने पाकिस्तान से सिंधु समझौता स्थगित कर दिया।
- एक मई से अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया गया है।
- 48 घंटे में पाकिस्तान नागरिक भारत छोड़ने का आदेश किया गया है।
- सेना को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।
- पाक राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश।

# भारत ने तोड़ी सिंधु जल संधि

# इस फैसले से प्यासा मर जाएगा पाकिस्तान




नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक बार फिर पाकिस्तानी साजिश की बू आ रही है। खुफिया सूत्रों का कहना है कि आतंकी हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गई। हमले के पीछे हाफिज सईद के करीबी सैफुल्लाह कसूरी का हाथ होने की बात कही जा रही है। ऐसे में भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। इसें सबसे महत्वपूर्ण फैसला सिंधु जल समझौते को रद्द करना है। भारत के इस फैसले से पाकिस्तान पानी को तरस सकता है। बता दें, पहलगाम आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की जान ले ली थी, जिसके बाद से ही पूरा देश भारत सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुए फैसले में 1960 में हुई सिंधु जल समझौते को रद्द करने का फैसला लिया गया है। ऐसे में सिंधु जल संधि से भारत एक झटके में पूरे पाकिस्तान को प्यासा मार सकता है। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद दोनों देशों की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह समझौता किया गया था। 19 सितंबर, 1960 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत छह नदियों ब्यास, रावी, सतलुज, सिंधु, चिनाब और झेलम के पानी के इस्तेमाल को लेकर नियम तय किए गए थे। इस समझौते के तहत पाकिस्तान को तीन पश्चिमी नदियों चिनाब, झेलम और सिंधु से संपूर्ण जल प्राप्त होता है। वहीं भारत को सतलुज, व्यास और रावी नदियों का जल प्राप्त होता है। बता दें, आजादी के बाद पाकिस्तान के साथ कई जंग लड़ चुके भारत ने कभी भी इस समझौते को नहीं तोड़ा और न ही पाकिस्तान का पानी रोका। हालांकि, लंबे समय से भारत में इस जल संधि को तोड़े जाने की मांग हो रही थी। अब भारत ने आखिरकार वह फैसला ले लिया है।

### पानी को तरस जाएगा पाकिस्तान

**बता दें, विश्व बैंक की लंबी मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता हुआ था। इस समझौते के लागू होने से पहले 1 अप्रैल 1948 को भारत ने दो प्रमुख नहरों का पानी रोक दिया था, जिससे पाकिस्तानी पंजाब की 17 लाख एकड़ जमीन पानी को तरस गई थी। अब इस समझौते को पूरी तरह से रद्द करने के बाद भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़कर रख दी है। दरअसल, पाकिस्तान का पंजाब और सिंध प्रांत पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से चिनाब, झेलम और सिंधु जैसी नदियों के पानी पर निर्भर था, लेकिन अब पाकिस्तान को इन नदियों का पानी नहीं मिलेगा।**

# प्रदेश के साथ जिले में शुरू हुई गर्मी की दस्तक, पारा 40 के पास

### ▶ बढ़ती गर्मी के कारण हो रही डिहाइड्रेशन की शिकायत ▶ बाजारों में पसरने लगा सन्नाटा, बढ़ी दुकानदारों की चिंता

मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)। मौसम के बदलते मिजाज के बीच अप्रैल माह में इस बार गर्मी अपने चरम पर पहुंचती दिख रही है। मौसम में जारी दलाव के बीच बीते कई दिनों से एक बार फिर से जहां दिन गर्म होने लगा है, वहीं दूसरी ओर नगर क्षेत्र में अब अधिकतम पारा 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक पहुंच रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों में लगातार तापमान में बढ़ोतरी से लोगों में डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ने लगी है, वहीं घरों से दिन में बाहर निकल पाना भारी पड़ रहा है। मौसम में जारी इस बदलाव में गत नौ अप्रैल को 37.6 डिग्री, 22 अप्रैल को 38.3 डिग्री अधिकतम तापमान रहा था। ऐसी स्थिति में लू के थपेड़ों से लोग झुलसने को मजबूर हैं। अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों को बीमारी भी सता रही है। लीग अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। मौसम में जारी इस बदलाव से जिला अस्पताल के साथ निजी चिकित्सकों के यहां मरीजों की संख्या काफी बढ़ गयी है। हालांकि सुरक्षा कारणों से चिकित्सक गर्मी व बीमारी से बचने के लिए शीतल जल के साथ पानीदार फलों का इस्तेमाल करने एवं जरुरत होने पर ही घरों से बाहर निकलने की लोगों को इस बीच सलाह दे रहे हैं।

मौसम में जारी बदलाव के बीच मंगलवार का दिन गर्मी के इस सीजन का सबसे अधिक गर्म दिन रहा। हालांकि मौसम विभाग ने बुधवार को जारी आंकड़ों में अधिकतम 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस होने का दावा किया है, लेकिन जनपद में लगातार गर्मी बढ़ने के कारण दोपहर के समय सड़कों से बाजारों तक सन्नाटा बनने से दुकानदारों की चिंता बढ़ने लगी है। गर्मी के चलते नगर क्षेत्र में ऐसे में तेज धूप में जहां सड़कों पर पैदल चलना या फिर दुपहिया वाहन से चल पाना मुश्किल हो गया है। वहीं लू के थपेड़े लोगों को बुरी तरह झुलसा रहे हैं। कहना गलत न होगा इस बार अप्रैल माह में ही आसमान से सूर्यदेव आग बरसा रहे हं, जिसने लोगों को बेहाल करने के साथ व्यापारियों की चिंता बढ़ाने का काम किया है। गर्मी की शुरू दस्तक के बीच जहां लोगों को डिहाइड्रेशन की शिकायत अधिक हो रही है, जिस कारण वो बीमार भी पड़ रहे हैं। ऐसे हालातों में बड़ी संख्या में लोगों को बुखार, उल्टी, दस्त, पेट में जलन, पेट दर्द, सिर दर्द, ब्लड प्रेशर आदि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो रही है।




**इन्होंने कहा-**

जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. योगेन्द्र त्रिखा ने बताया कि इन दिनों अत्यधिक गर्मी से लोगों को कई प्रकार की बीमारियां घेर लेती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों के शरीर में पानी की कमी होना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में लोगों को चाहिए कि वे इस मौसम में डिहाइडेशन से बचने और त्वचा की ताजगी के लिए पानीदार चीज जैसे खीरा, ककड़ी, खरबूजा, तरबूज आदि मौसमी फल जरूर खाएं। वहीं पानी का इस्तेमाल समस-समय पर करते रहें।

## डीएम ने कृषक द्वारा प्राकृतिक खेती एवं वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही गौ-पालन का कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बुस.)। जनपद के विकासखण्ड खतौली के ग्राम- रतनपुरी निवासी कृषक रमेश तंवर पुत्र देवदत्त तंवर को डीएम उमेश मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। रमेश तंवर द्वारा विगत 15 वर्षों से 08 एकड क्षेत्र पर प्राकृतिक खेती एवं वर्मी कम्पोस्ट के साथ-साथ गौ-पालन का कार्य किया जा रहा है। रमेश तंवर द्वारा प्रतिवर्ष 90 कु. गेहूँ (सोना- मोती), 20 कु. पूसा बासमती 1 एवं फलों की बागवानी (आडू, अमरूद, आम, चीकू, सेब, ड्रैगन फूट), का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे इनको लगभग 08 लाख रुपए का प्रतिवर्ष लाभ प्राप्त होता है। रमेश तंवर द्वारा गाय की साहिवाल, राठी एंव हरियाणा नस्ल की देसी गायों द्वारा दुग्ध उत्पादन भी किया जा रहा है। डीएम द्वारा रमेश तंवर का उत्साहवर्धन करते हुए सुझाव दिया कि वह अधिक से अधिक कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु जागरूक करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार एवं उप निदेशक कृषि संतोष कुमार मौजूद रहे।

## हमारा लेना-देना नहीं, हमें दोष मत दो, पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान झाड़ने लगा पल्ला



नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद आज पाकिस्तान की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। पाकिस्तान ने इस घटना से पल्ला झाड़ते हुए कहा है कि उसका इससे कोई लेना-देना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से पाकिस्तान का कोई लिंक नहीं है। हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। हम हर प्रारूप में आतंकवाद की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना से हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। भारत के खिलाफ उनकी तथाकथित रियासतों में बगावतें हुई हैं, एक नहीं दर्जनों के हिसाब से। नगालैंड से लेकर कश्मीर तक और छत्तीसगढ़ से मणिपुर सभी जगहों पर दिल्ली की हुकूमत के खिलाफ बगावतें हुई हैं। ये घटना स्थानीय तौर पर हुई है। लोग अपने अधिकार मांग रहे हैं। हिंदुत्व की हुकूमत लोगों का शोषण कर रही है। अल्पसंख्यकों का शोषण किया जा रहा है, जिसमें मुसलमान भी है, ईसाई और बौद्ध भी हैं। इनका कत्लेआम किया जा रहा है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि ये केंद्र की सरकार के खिलाफ बगावत है, जिस वजह से वहां इस तरह की एक्टिविटीज हो रही है। हमारा इससे कोई ताल्लुक नहीं है। हम किसी भी सूरत में आतंकवाद को सपोर्ट नहीं करते और बेगुनाहों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। इसमें किसी भी शक की गुंजाइश नहीं है। वहीं सूत्रों के हवाले से पता चला है कि आतंकियों ने स्थानीय कश्मीरी आतंकियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के साथ मिलकर हमले से पहले इलाके की रेकी की थी। हमलावर ने हमले के लिए बैसरन को इसलिए चुना, क्योंकि इस इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती नहीं थी। शुरूआती जांच से पता चला है कि आतंकियों ने बॉडीकैम पहने हुए थे। हमलावरों ने इस पूरे हमले की वीडियोग्राफी की। पता चला है कि तीन आतंकियों ने महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग कर दिया था। इसके बाद चुन-चुनकर लोगों को मारा गया। कुछ लोगों को दूर से गोली मारी गई, जबकि बाकी को पास से गोली मारी गई। ज्यादा खून बहने से अधिकतर लोगों की मौत हुई।

## मामूली बात को लेकर झगड़ा, एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल



सिखेड़ा, 23 अप्रैल (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भेजा। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा निवासी प्रहलाद सिंह पुत्र आभेराम अपने खेत में पानी चला रहा था, तभी गांव के कुछ युवक बाइक द्वारा उसके खेत के बीच से जाने लगे। उसने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद युवकों ने उसका फावड़ा छीन कर उस पर फावड़े से प्रहार कर दिए, जिसमें प्रहलाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रहलाद को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गांव सिखेड़ा में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर की पड़ोसी संग मारपीट

बुढ़ाना, 23 अप्रैल (बु.)। मौहल्ले के एक युवक ने रात मे पड़ौसी के घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौचकर घर से बाहर खींचकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की कोई मदद नहीं की। पीड़ित पक्ष डरा हुआ है। कलावती पत्नी कल्लू निवासी गांव चंधेड़ी ने बताया कि वो एक गरीब महिला है। उसका पति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। गांव का मिंटू पुत्र धर्मवीर उससे व उसके परिवार से रंजिश रखता है तथा उस पर गंदी नजर रखता है। बीते 21 अप्रैल की देर रात करीब 11 बजे वो और उसका पति बच्चों के साथ घर में सो रहे थे। यकायक मिंटू उसके मकान में जबरदस्ती घुस आया और उसे व उसके पति को गन्दी-गन्दी गालियां देने लगा। उसने व उसके पति ने विरोध किया तो मिंटू ने उसके पति को घर से खींचकर गली में लाकर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की, जिसकी वीडियो उसने बना ली। आरोपी ने उसके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। शोर-शराबा होने पर मौहल्ले के काफी लोग आ गये, जिससे उसकी व उसके परिवार की बड़ी मुश्किल से जान बची। जाते-जाते आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

## तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में बाण गंगा घाट से जेसीबी से खुदाई कर सिल्ट व मिट्टी को हटाने का कार्य शुरू



भोपा, 23 अप्रैल (बु.)। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में गंगा घाट से सिल्ट व मिट्टी को हटाने का काम शुरू हो गया है। जेसीबी से खुदाई कर घाट से सिल्ट व मिट्टी को बाहर निकाला जा रहा है, जिससे श्रद्धालु आराम से स्नान कर सकें। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में गंगा का जल स्तर घटने से गंगा घाट पर गंदगी मिट्टी व सिल्ट से चारों ओर दुर्गन्ध फैल रही है। दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले अनेक श्रद्धालु बगैर स्नान के लौटने लगे। सोमवार को साधु-संतों, पंडित व पुरोहितों ने घाट से सिल्ट हटवाने को प्रदर्शन किया तथा मंगलवार को बैठक कर आठ दिन में गंगा घाट से मिट्टी सिल्ट हटाकर जल का बहाव ठीक न किए जाने पर नगरी में कराए जा रहे निर्माण कार्यों को बंद करा देने की चेतावनी दे डाली, जिसके बाद पहुंची मीरापुर विधायक मिथलेश पाल नगरी में पहुंची तथा साधु-संतों व पुरोहितों के साथ गंगा घाट का निरीक्षण कर एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह को घाट के सामने से मिट्टी हटवाने के निर्देश दिए। बुधवार दोपहर को गंगा घाट से सिल्ट व मिट्टी को हटाने का काम शुरू हो गया है। जेसीबी से खुदाई कर घाट से सिल्ट व मिट्टी को बाहर निकाला जा रहा है, जिससे जल का बहाव होने से श्रद्धालु आराम से स्नान कर सकें।



## भागवंती स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में बुधवार को 55 वें विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के आचार्य अनु शुक्ला ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस मनाने का विषय "हमारी शक्ति हमारा ग्रह" ऊर्जा पर केंद्रित है। इसका मतलब है, सब मिलकर नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के साथ ही एक स्वस्थ व टिकाऊ भविष्य बनाएं। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यावरण मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पृथ्वी की रक्षा के लिए आने वाले दिनों में कार्यवाही करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा 10-सी की छात्राओं ने इको क्लब के अंतर्गत विद्यालय की इको वाटिका में नए पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया। इस मौके पर दीप्ति तिवारी एवं दुर्गेश नंदिनी कौशिक के साथ कर्मचारी उषा ने पौधारोपण में सहायता की। विद्यालय के इस कार्यक्रम से पृथ्वी माता का प्रधानाचार्या, आचार्य कर्मचारियों व समस्त विद्यालय स्टाफ ने आभार व्यक्त किया।

## बाजार में दबंगों ने चिकित्सक पर किया हमला, मुकदमा दर्ज

मीरापुर, 23 अप्रैल (बु.)। कस्बे के मुख्य बाजार में चिकित्सक की कार के सामने दबंगों ने कार खड़ी करके चिकित्सक पर हमला कर दिया। व्यापारियों ने बीच-बचाव कराकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चिकित्सक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कस्बा निवासी चिकित्सक आलोक शर्मा पुत्र किशनदत्त शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मंगलवार की देर शाम वह अपने साथी चिकित्सक मनोज कुमार के साथ कस्बे के मुख्य बाजार में खरीदारी करने के बाद अपने परिचित के यहाँ जा रहे थे। जब उनकी कार मदान चौक पर पहुँची, तो इस दौरान कैथोड़ा निवासी सद्दाम पुत्र साबिर ने उनकी कार के सामने अपनी कार खड़ी कर दी। चिकित्सक ने कार हटाने को कहा तो आरोपी ने अभद्रता करते हुए गाली गलौच शुरू कर दी तथा अपने 20-25 साथियों को मौके पर बुलाकर चिकित्सक पर हमला कर दिया और चिकित्सक को जान से मारने की धमकी दे डाली। सरे बाजार चिकित्सक पर हमला होने से बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान व्यापारी एकत्र हो गए और चिकित्सक को दबंगो से बचाया। पुलिस ने हमलावर सद्दाम व उसके 20-25 अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लोगों का गुस्सा फूटा

### - हिन्दू समाज के लोगों ने सरकार से हत्यारों को सरे बाजार मौत की सजा दिए जाने की मांग की




मीरापुर, 23 अप्रैल (बु.)। कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों का धर्म पूछकर आतंकियों द्वारा की गई लोगों की निर्मम हत्या से पूरे देश में आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश है। बुधवार को मीरापुर में सर्व समाज के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एक मौन जुलूस निकाला तथा कस्बे के मदान चौक पर आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा सरकार से आतंकियों को सरे बाजार मौत की सजा दिए जाने की मांग की। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने वहाँ घूमने गए 28 लोगों से उनका धर्म पूछकर उनकी निर्मम हत्या कर दी थी, जिसके बाद पूरे देश में आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश पनप गया। लोगों में आतंकियों के प्रति जबरदस्त आक्रोश है। प्रत्येक नागरिक की जुबां पर केवल आतंकवाद को कुचलने की मांग है। बुधवार को मीरापुर में उक्त आतंकी हमले के विरोध में हिन्दू समाज के लोगों द्वारा एक विशाल मौन जुलूस निकाला गया। शाम करीब चार बजे कस्बे के पड़ाव चौक पर एकत्र हुए हिन्दू समाज के लोगों ने अपने हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर यहाँ से मौन जुलूस शुरू किया, जो मदान चौक पर जाकर सम्पन्न हुआ। लोगों ने अपने हाथों में भावपूर्ण श्रद्धांजलि, हत्यारों को सरे बाजार फांसी दो, खून का बदला खून तथा आतंकियों को जहन्नुम से कम कुछ मंजूर नही जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर सरकार से हमले में शामिल आतंकियों को शीघ्र मौत के घाट उतारने की मांग की। मदान चौक पर पर हिन्दू समाज के लोगों ने आतंकवाद के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि देश की अस्मिता पर हमला अब सहन नहीं करेंगे। आतंकवाद को जड़ से खत्म करों, खून के बदले खून चाहिए। इस दौरान रामकिशोर शर्मा, अभिषेक गर्ग, असीम शर्मा, सचिन ठाकुर, प्रधुम्न शर्मा, दिनेश सैनी, विकास कौशिक, अमित डागा, अतुल अग्रवाल, मोहित गर्ग, शिवम राजवंशी, विनय शर्मा, आशीष वशिष्ठ, मनीष अग्रवाल, आदर्श कौशिक, नितिन शर्मा, कृष्ण खटीक, आजाद शर्मा, रिंकू कौशिक, तरुण कंसल, रवीश रस्तौगी आदि शामिल रहे।

## चरथावल की रिया सैनी ने 22वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया गौरव




चरथावल, 23 अप्रैल (बु.)। यूपीएससी परीक्षा में चरथावल के टांडा गांव की रिया सैनी ने 22वीं रैंक हासिल कर मुजफ्फरनगर का गौरव बढ़ा दिया। प्रतिभावान बेटी की सफलता पर परिजन बेहद उत्साहित हैं। तीसरे प्रयास में मिली अविश्वसनीय रैंक से बिटिया गद्गद है। वर्ष 2023 में दूसरे प्रयास में रिया का यूपीएससी परीक्षा के तहत आईआरटीएस (इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस) लखनऊ में चयन हुआ था, लेकिन सपना सिर्फ आईएएस बनना था। हुनरमंद बेटी ने कड़ी मेहनत, जुनून और हौसले से वर्ष 2024 की परीक्षा में इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। वह कहती है कि उन्हें उत्तर प्रदेश अथवा महाराष्ट्र कैडर मिलने की उम्मीद है। रिया के पिता टांडा निवासी मुकेश कुमार एमईएस (मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस) में बतौर मुख्य अभियंता के पद पर दिल्ली में तैनात हैं। माता प्रीति सैनी गृहिणी हैं और छोटा भाई अनमोल लॉन टेनिस का राष्ट्रीय खिलाड़ी है। फिलहाल इंटर के बाद इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा है। वर्ष 1983 में पिता मुकेश इंटर परीक्षा में जिले के टॉपर रहे थे। रिया कहती है कि कामयाबी पाने के लिए मुख्य विषय पर ही फोकस रखें। लक्ष्य को लेकर भ्रमित न हों, बल्कि समयबद्ध तरीके से कदम बढ़ाते रहें। उन्होंने इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन करने के बाद यूपीएससी में समाज शास्त्र विषय लिया। इस सफलता पर विश्वास होने में कुछ समय लगेगा। माता प्रीति कहती है कि बिटिया ने रोजाना 7-8 घंटे नियमित पढ़ाई की। कचहरी में अधिवक्ता प्रवीण सैनी का कहना है कि चचेरी बहन ने देश की शीर्ष नौकरी में शानदार रैंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

## एमजी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मना पृथ्वी दिवस



मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण और धरती के साथ जीवन बचाने के संकल्प के साथ मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण को प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने की पहल करने के लिए चित्रों के माध्यम से प्रेरक संदेश दिया तो वहीं अन्य छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हरित भविष्य बनाने के प्रति जागरुक किया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यालय में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का शुभारंभ किया। इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत किंडरगार्टन के नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं को जहां प्रकृति के निकट ले जाकर इस धरती पर जीवन के लिए पर्यावरण की भूमिका और आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई, वहीं प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर कक्षाओं में पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और रिसाइकिल विषयों को लेकर छात्र-छात्राओं के द्वारा सुन्दर चित्र कला में प्रतिभाग कर पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए इसको हरा-भरा रखने का संदेश देने का काम किया। इसके साथ ही वेस्ट मेटेरियल का प्रयोग कर पर्यावरण को इनसे होने वाले नुकसान से बचाकर घरेलू साज-सज्जा के विचार को जीवंत बनाया। पोस्टर मेकिंग के माध्यम से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ थीम पर अपने विचारों का सुन्दर प्रस्तुतिकरण कर सभी को पेड़-पौधों को लगाने और बचाने के लिए जागरुक करने का काम किया। उन्होंने अपने संदेश में बच्चों को पृथ्वी बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हम अपने आसपास, परिवार से ही पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास कर सकते हैं और एक स्वस्थ एवं हरित भविष्य की नींव को मजबूत बना सकते हैं। सभी गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए पृथ्वी पर जीवन बचाने के लिए पर्यावरण को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## शाहपुर में उमेश मलिक एवं श्याम पाल भाई जी के नेतृत्व में, 28 हिंदुओं को श्रद्धांजलि अर्पित



शाहपुर, 23 अप्रैल (बु.)। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 28 निर्दोष हिन्दुओं की जान चली जाने पर आज पूर्व विधायक उमेश मलिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी के नेतृत्व में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मेन रोड पर स्थित एक ग्राउंड में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष 28 लोगों को धर्म पूछकर मार दिए जाने पर उपस्थित लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि यह घटना निंदनीय है, देश के प्रधानमंत्री इस घटना पर सख्त निर्णय लेंगे। इसमें कोई कोताही नहीं होगी। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह घटना के तुरंत बाद कश्मीर पहुंच गए हैं। वस्तु स्थिति से अवगत हो रहे हैं। निश्चित रूप से इस घटना में ठोस कार्रवाई होगी। प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल ने कहा कि कौन कहता है आतंकवादियों का मजहब नहीं होता, जो आतंकवादी जात और धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मार रहे हैं, उनका मजहब और धर्म अब किसी से छुपा नहीं रहा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी ने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान करना होगा और आंतकवादियों के विरुद्ध फिर से सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई पुनः करनी होगी, तभी कश्मीर की घाटी में शांति रहेगी। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया और मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पाकिस्तान मुदार्बाद, आंतकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए। शोक सभा में श्याम पाल सिंघल भाई जी, उमेश गोयल, विनोद आरा मशीन वाले, विशाल कर्णवाल, विशाल गर्ग, सभासद मदन जैन, सतीश जैन, हनु सिंघल, अनिल बंसल, देवेंद्र सिंघल, महेश मलिक, रविंद्र जैन, राहुल शर्मा, रेनू सिंघल, मुकेश गर्ग, टीनू गोयल, अरुण मित्तल, अमन मित्तल, मणिकांत मित्तल, बालेश सिंघल, सुनील मित्तल और राधेश्याम नामदेव, प्रमोद कर्णवाल, रोहित शर्मा, प्रवेश गोयल, मनोज अग्रवाल, वासु प्रजापति आदि उपस्थित करे।

## उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिए ढेर

**श्रीनगर, 23 अप्रैल (वार्ता)** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई।

## कश्मीर आतंकी हमले में महाराष्ट्र के छह लोगों ने गवाई जान

**मुंबई, 23 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में महाराष्ट्र के कुल छह पर्यटकों की मौत हो गई। यह जानकारी राज्य के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने बुधवार को यहां दी। सीएमओ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर बताया कि संजय लेले और दिलीप डिसले के पार्थिव शरीर को एअर इंडिया के विमान से श्रीनगर से मुंबई लाया जाएगा। पुणे से कौस्तुभ गणवते और संतोष जगदाले के पार्थिव शरीर को आज शाम छह बजे पुणे लाया जाएगा। हेमंत जोशी और अतुल मोने के पार्थिव शरीर को श्रीनगर से एअर इंडिया के विमान से दोपहर 1.15 बजे मुंबई लाया जाएगा। इस बीच मुंबई में मंत्री आशीष शेलार और मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा समन्वय के लिए मुंबई एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे जबकि मंत्री मधुरिताई मिसाल को पुणे एयरपोर्ट पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## पहलगाम हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ 23 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाये। इसके अलावा रेल, सड़क व हवाई यातायात पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, पूर्व में प्रकाश में आए असामाजिक, राष्ट्र विरोधी तत्वों पर विशेष नजर रखने, पर्यटकों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर रखने, नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस-रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गये हैं। डीजीपी ने महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों विशेषकर अयोध्या, काशी, मथुरा, ताजमहल आदि की सुरक्षा निर्धारित एसओपी के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिवारों के लिए सहायता राशि देने की घोषणा

**श्रीनगर, 23 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अनंतनाग जिले में सुप्रसिद्ध पहलगाम रिसॉर्ट के पास एक मैदान में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जो हाल के वर्षों में इस तरह का सबसे जघन्य हमला है। कश्मीर में शोक की लहर है, श्रीनगर के कई अखबारों ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए पहले पन्ने पर संपादकीय प्रकाशित किए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में पीड़ितों के परिवारों को 10 लाख रुपये और घायलों के लिए दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## डीसी के मोबाइल का डाटा हुआ रिकवर, मोबाइल की अभी भी चल रही जांच

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** पांच दिन पहले घर से बीएसए कार्यालय के लिए निकले डीसी विकास त्यागी एकाएक 21 अप्रैल सोमवार को वापस लौट आए थे, जिसके बाद उन्हें बदहाल हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। बुधवार को डीसी को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया मगर उससे पहले उनसे उनका मोबाइल ले लिया गया। पुलिस का बताना है कि डीसी के मोबाइल से कुछ चैट डिलीट की गयी है और उस चैट को रिकवर करा लिया गया है। आपको बता दें कि डीसी और उनकी पत्नी ने बीएसए पर कई लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया था, जिसमें बीएसए संदीप कुमार ने उक्त सभी आरोप निराधार बताए थे। अभी पुलिस डीसी से स्वस्थ होने के बाद पूछताछ करेगी कि डीसी द्वारा इस दौरान किन-किन नम्बरों से बात की गयी, वहीं डीसी व उसकी पत्नी के बैंक खाते की जांच में भी पुलिस जुट गयी है।

## शैम्पू से लदे ट्रक की लूट के मामले में बदमाश को सात साल की सजा व दो हजार रुपये जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** 1 जुलाई 2010 को एक वाहन में सवार बदमाशों ने शैम्पू से लदे कंटेनर को रोककर हथियारों के दम पर लूट लिया था। कंटेनर में शैम्पू के 100-200 नहीं बल्कि पूरे 847 कार्टून थे। घटना के लगभग एक माह बाद सात सितम्बर 2010 को पुलिस को बदमाश सुनील निवासी खेड़ा गांव, थाना सरधना, जिला मेरठ को गिरफ्तार कर लूटा गया कंटेनर भी बरामद कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भेज दी थी, उक्त मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट कमलापति द्वितीय की कोर्ट में हुई, जहां कोर्ट ने आरोपियों को बदमाश सुनील को सात साल की सजा व दो हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# जनपद में 100 आपदा मित्रों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

### कंट्रोल रूम से आवेदन प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं अभ्यर्थी



**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** जनपद में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की ओर से 100 आपदा मित्रों को नियुक्त किये जाने की प्रक्रिया शुरू करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से नियत प्रारूप पर आवेदन पत्र मांगे हैं। चयनित अभ्यर्थियों को आपदा के दौरान स्वयंसेवक के रूप में कार्य करना होगा जिसके लिये उन्हें कोई मानदेय प्रदान नहीं किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त आवेदन पत्र का प्रारूप कन्ट्रोल रूम, कलेक्ट्रेट से प्राप्त किया जा सकता है। वहीं इसका प्रारूप सोशल मीडिया पर भी जारी किया है, जिसके लिए 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के महिला एवं पुरुष पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा 7 से ऊपर शिक्षा प्राप्त करने वाले आवेदकों को इसमें प्राथमिकता दी जायेगी। इसके लिए जनपद मुजफ्फरनगर का मूल निवासी होना अनिवार्य है। पूर्ण रूप से स्वस्थ अभ्यर्थी मैडिकल प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे।

# नहीं बनी बात, चाट बाजार वेंडरों ने अस्वीकारा प्रस्ताव

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** टाउनहाल के बाहर लगने वाले चाट बाजार मामले में अभी तक तमाम प्रयास विफल साबित हुए हैं। बुधवार को 10वें दिन भी चाट बाजार के वेंडरों का धरना जारी रहा। इस बीच डीएम के आश्वासन के बाद वेंडरों को शहर में दूसरे विकल्प दिखाने का काम हुआ, लेकिन दो स्थानों का भ्रमण कर वेंडरों ने पालिका के प्रस्ताव को खारिज करते हुए चाट बाजार के लिए टाउनहाल का स्थान ही मांगा।

पालिका द्वारा इस वित्तीय वर्ष से टाउनहाल के बाहर मुख्य मार्ग पर लगाये जाने वाले चाट बाजार का ठेका नहीं छोड़ा और इसके सौन्दर्यकरण कराने की योजना के कारण इसे बंद कर बेरिकेडिंग कर दी है। चाट बाजार के वेंडर बीते 10 दिनों अपनी मांग को लेकर धरनारत है, उन्हें विभिन्न संगठनों का समर्थन मिल रहा है। बीते दिवस डीएम उमेश मिश्रा ने वेंडरों से वार्ता कर स्पष्ट कर दिया था कि पालिका के स्तर से उन्हें पालिका के बजाए अन्य स्थान दिया जायेगा, जिसे वो भ्रमण कर अपनी पंसद से चुन लें, वहां तमाम व्यवस्था पालिका से कराई

### नगर मजिस्ट्रेट ने ली बैठक, ईओ ने वेंडरों को दिखाये स्थान

जायेगी, लेकिन टाउनहाल पर यह बाजार नहीं लगने दिया जायेगा।

बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप इस समस्या के निदान को लेकर टाउनहाल पहुंचे और उन्होंने ईओ कार्यालय में वेंडरों से वार्ता की। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह वेंडरों को शहर में दूसरे स्थान दिखाने गई। ईओ द्वारा जानसठ रोड ओवरब्रिज, गांधी कॉलोनी ओवरब्रिज के नीचे वाले स्थान विकल्प के तौर पर वेंडरों को दिखाते हुए टाउनहाल के बदले उनमें से कोई एक स्थान चुनने के लिए कहा, लेकिन वेंडरों ने दोनों ही स्थान रोजगार के लिए सही नहीं होने की बात कहकर उनके प्रस्ताव को खारिज कर दिया। वेंडर ईश कौशल, राजेश कुमार, सुलेमान, चन्द्र किरण ने बताया कि उनका बेमियादी धरना खत्म नहीं हुआ है, वो जारी है। उनसे रोजगार का अवसर छीना जा रहा है और दूसरा स्थान चुनने का दबाव बना रहे हैं, लेकिन वो आंदोलन पर अडिग हैं, जब तक उन्हें टाउनहाल पर ही स्थान नहीं दिया जाता, वो धरना खत्म नहीं करेंगे। बाद में वेंडरों ने नई मंडी में वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप से मुलाकात करते हुए उक्त समस्या का समाधान कराने की बात की है। उधर, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि डीएम के निर्देश पर पालिका पहुंचकर चाट बाजार के धरनारत वेंडरों से वार्ता की और उनको समझा दिया गया है कि टाउनहाल के बाहर बाजार नहीं लगने दिया जायेगा, इसके बदले पालिका उन्हें दूसरे विकल्प दे रहा है, जो उचित लगे स्थान चुन सकते हैं। इसके लिए आज ईओ पालिका के साथ वेंडरों को कुछ स्थानों का भ्रमण कराकर विकल्प दिखाने के साथ वहां पर पूरी व्यवस्था करने का भरोसा दिया गया है।



# लूट व चोरी की तीन वारदातों का खुलासा, चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** बुधवार को एसपी देहात आदित्य बंसल ने पुलिस लाइन में वार्ता करते हुए बताया कि 29 मार्च को राजमहल बैंकट हॉल, बेलड़ा गांव, थाना भोपा में बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर जनरेटर से तांबे का तार, बैट्री तथा अन्य सामान लूट लिया था। इसके बाद 23 अप्रैल को भोपा थाना क्षेत्र के ही नन्हेड़ा में मंदिर में दानपात्र में चोरी की घटना को बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया था। मंगलवार को देर शाम भोपा थाना प्रभारी उमेश रोरिया टीम के साथ गंगनहर पटरी पर चैकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि बैंकट हॉल में लूट व मंदिर में चोरी की वारदात में शामिल बदमाश गंगनहर की पटरी पर माजरा मौजा के सामने वाली पुलिया के पास खड़े हैं, तभी पुलिस ने हरकत में आकर बदमाशों की घेराबंदी कर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी निशानदेही पर 21 किलो तांबे की तार, एक बैट्री, कॉपर की तार, नकदी आदि बरामद की थी। पकड़े गए आरोपी रोहित, विशाल, वरदान निवासीगण बेलड़ा, थाना भोपा का चालान कर जेल भेज दिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल था।



## मोदी का कानपुर दौरा निरस्त



**कानपुर 23 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जघन्य घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 24 अप्रैल को कानपुर का प्रस्तावित कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। श्री मोदी गुरुवार को यहां 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में आने वाले थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्री मोदी के दौरे के निरस्त होने की पुष्टि करते हुये कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल का दौरा निरस्त कर दिया गया है। वह कल नहीं आयेंगे। श्री महाना पहलगाम हमले में मारे गये कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे।

**शेष : कायरों ने दिया धर्म पूछकर कायराना घटना को अंजाम, पाकिस्तान को भी जवाब में भुगतने होंगे इसके परिणाम**

और जवान गमगीन हैं। बुधवार को इस कड़ी में नगर क्षेत्र में विभिन्न संगठनों ने विरोध दर्ज कराते हुए हमले की निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

बुधवार को गांधीनगर भाजपा पार्टी कार्यालय पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शोक सभा करके श्रद्धांजलि दी गयी। जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कहा कि लोगों के नाम पूछकर गोली मारने वाले इन आतंकियों के खिलाफ कार्यवाही करने के दौरान जनभावनाओं का ध्यान रखा जाये। श्रद्धांजलि सभा में सुधीर खटीक, शरद शर्मा, संजय गर्ग, सुनील दर्शन, अभिषेक चौधरी, डॉ. पुरुषोत्तम गौतम, पंकज माहेश्वरी, अमित शर्मा, संदीप शर्मा, विरेन्द्र सैनी, सतनाम बंजारा, नीरज गौतम, गोपाल माहेश्वरी, हरेन्द्र शर्मा, सचिन त्यागी, पवन अरोरा, विनय रई, पंकज अपवेजा, रविकान्त प्रधान, देशबन्धु तोमर, सुनील तायल आदि मौजूद रहे।

वहीं कचहरी प्रांगण स्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन की एक संयुक्त शोकसभा फैंथम हॉल में संपन्न हुई, जिसमें सभी मौजूद अधिवक्ताओं ने पहलगाम में हुई निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कुंवर पाल सिंह, सिविल बार के अध्यक्ष सुनील मित्तल की अध्यक्षता एवं महासचिव चन्द्रवीर सिंह निर्वाल तथा महासचिव राज सिंह रावत के संचालन में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

जनपद जाट महासभा जिला अध्यक्ष धर्मवीर बालियान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने महावीर चौक पर पहुंच कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए कैंडल मार्च निकाल कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और केंद्र सरकार से जम्मू कश्मीर में अब राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि आज हिंदू अपने ही देश में सुरक्षित नहीं। केंद्र सरकार को समझना होगा कि इस मामले को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है ताकि समाज का भरोसा आपसे न उठ सके। इस दौरान जयवीर सिंह, राकेश बालियान, रमेश तोमर, राहुल पंवार, कुलदीप प्रधान, बिट्टू सिखेड़ा, विनीत बालियान आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

शिवसेना एवं महिला मोर्चा क्रांति सेना ने पहलगाम में शहीद हुए हिंदू परिवारों की स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यालय पर संपन्न श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए पं. संजीव शंकर ने कहा कि आज स्थिति हिंदू के लिए सबसे हास्यास्पद हो गई है। हिंदुस्तान में ही हिंदू सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार निरंतर हिंदू को धोखे में रख रही है कि अब जम्मू कश्मीर आतंकवाद रहित हो गया। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा से ठीक पहले यह घटना दुःखदायी है। वहीं जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भाजपा पर कोई हल नहीं निकल रहा तो हम महिलाओं को अवसर प्रदान करें। इस दौरान शरद कपूर, देवेंद्र चौहान, संजीव वर्मा, पूनम चाहल, मिथिलेश, अंजू त्यागी, कंचन बाटला, राखी मित्तल, सविता, मधु तायल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने इस बीच शहर के शिव चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस बीच पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाते हुए पाकिस्तान के साथ आतंकवाद का पुतला भी फूंका। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विभाग प्रचारक ओजश ने कहा कि सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।









# सावधान : कॉस्मैटिक कारोबारी की पत्नी से सवा लाख की लूट करने वाले कोई और नहीं घर में मार्बल लगाने वाले कारीगर निकले

## मुठभेड़ में बदमाशों को पुलिस ने किया घायल, नकदी व तमंचे बरामद

मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)। मंगलवार को एक साथ दो लूटों को बदमाशों ने अंजाम दिया था। एक ओर रोहाना चौकी के सामने कॉस्मैटिक व्यापारी विनोद जैन के घर में घुसकर तीन बदमाशों ने उनकी पत्नी अलका जैन से सवा लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। व्यापारी से लूट के मामले में एक बदमाश अंशुल निवासी मंसूरपुर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था, उसी ने अपने दो अन्य साथियों के नाम शाकिब व विपिन निवासी बहेड़ी थाना शहर कोतवाली बताए थे। रात में पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बदमाश भागने की फिराक में मिमलाना रोड की ओर आ रहे हैं, तभी पुलिस ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दोनों बदमाशों पर गोली चलाई तो वे घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। एएसपी राजेश घुनावत ने बताया कि दोनों बदमाशों से 33 हजार रुपये की नकदी, दो तमंचे बरामद किये गए हैं। बड़ी बात यह है कि दोनों बदमाशों ने व्यापारी के घर मार्बल लगाने का काम किया था और इसी बीच उक्त लूट की योजना बना डाली थी।



# पर्यटकों पर हमले के विरोध में कश्मीर रहा बंद



**श्रीनगर, 23 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर में हाल के वर्षों में नागरिकों पर हुए सबसे घातक आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को पूरे कश्मीर में पूर्ण बंद रखा गया है। यह हमला अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के पास एक घास के मैदान में हुआ, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई। हुर्रियत नेता और मुताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने भीषण हत्याओं के विरोध में बंद का आह्वान किया था। प्रमुख व्यापार निकायों, परिवहन संघों और नागरिक समाज समूहों ने भी हड़ताल का आह्वान किया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) सहित मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने बंद को अपना समर्थन दिया। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर में सभी दुकानें, स्कूल और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जबकि सार्वजनिक परिवहन सड़कों से काफी हद तक नदारद रहा। घाटी के प्रमुख शहरों में भी लगभग पूरी तरह से बंद की खबर है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती देखी गई।

## आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा : अमित शाह



**श्रीनगर,23 अप्रैल (वार्ता)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों और पूरे देश को बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को 'बख्शा' नहीं जाएगा। देश को झकझोर देने वाले आतंकवादी हमले के एक दिन बाद, श्री शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया, जहां 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मौके पर चल रहे ऑपरेशन की परिस्थितियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी।

# युवती का बुर्का उतारने व चोटी खींच निर्वस्त्र करने के मुख्य आरोपी को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** 12 अप्रैल को खालापार के मोहल्ला तकिया कुरैशियान निवासी युवती का बुर्का खींचने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने मीडिया को बताया कि 12 अप्रैल को खालापार के मोहल्ला तकिया कुरैशियान मोहल्ला निवासी युवती शामली जनपद के थानाभवन थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव के युवक के साथ, जो कि एक फाइनेंस कम्पनी के कर्मी थे, वसूली के लिए निकले थे। जब दोनों युवक-युवती बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे तो इस दौरान नगर के मोहल्ला खालापार में दर्जी वाली गली में कुछ युवकों ने इन्हें रोक लिया था और एक दुकान के अंदर खींचकर ले गए। आरोपियों ने दोनों युवक युवती के साथ मारपीट की व युवती का बुर्का उतारने व चोटी खींचकर निर्वस्त्र करने का प्रयास किया। उक्त मामले में पुलिस ने सरताज, शादाब, उमर, अर्श, शोएब व शर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन घटना का मुख्य आरोपी मौहम्मद अमन निवासी खादरवाला, थाना खालापार अभी तक फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी मौहम्मद अमन को भी गिरफ्तार कर लिया और

## सपा नेता राकेश शर्मा के घर में काम कर रहे मजदूर की छत से गिरने पर मौत

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अंकित विहार में सपा नेता राकेश शर्मा के निवास पर निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें मलीरा गांव का रहने वाला सुरेन्द्र व एक अन्य मजदूर काम कर रहा था। बुधवार को निर्माण कार्य के दौरान चालियों से बनाई गयी पैड अचानक टूट गयी और हादसे में मलीरा निवासी मजदूर सुरेन्द्र व सुरेश गिरकर गंभीर घायल हो गए। घटना के तुरन्त बाद एम्बूलेंस बुलाकर दोनों को एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सुरेन्द्र की मौत हो गयी, जिसकी सूचना मृतक सुरेन्द्र के पुत्र सूचित ने नई मण्डी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी मिलते ही सपा नेता राकेश शर्मा तुरन्त पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। थाना प्रभारी के अनुसार इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गयी है।

## सिम मामले में पूर्व विधायक के शाहनवाज के परिवार को दिया नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** जिला कारागार में पूर्व विधायक शाहनवाज राना से मिले मोबाइल प्रकरण में नई मंडी कोतवाली पुलिस ने पूर्व विधायक की पत्नी, बेटे व पुत्रवधु से पूछताछ के लिए नोटिस आवास के बाहर चस्पा किया है। पूर्व विधायक के परिवार के लोग घर पर मौजूद नहीं है। जिला कारागार में 25 मार्च को जिला कारागार में जीएसटी चोरी के मामले में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राना से चैकिंग के दौरान मोबाइल बरामद हुआ था। मोबाइल में प्रयोग होने वाला सिम उनके समधी एवं पूर्व विधायक मौ. गाजी ने अपने नौकर आमिर के नाम से निकलवाकर दिया था। इस सिम को कुछ दिन पूर्व विधायक शाहनवाज राना के परिवार के लोगों ने प्रयोग किया। उसके बाद सिम को जेल में भिजवा दिया गया। इस मामले में पुलिस पूर्व विधायक मो. गाजी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना की पत्नी, बेटे व पुत्रवधु को पूछताछ के लिए तलब करने की कार्रवाई शुरू की है। तीनों ही अपने घर पर नही है। घर पर न मिलने पर उनके आवास के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

# टाउनहाल में सड़क के साथ शिवचौक का होगा सौंदर्यकरण

- तीस करोड़ रुपये के 193 कार्यों को धरातल पर लाने का प्रयास
- 100 कार्यों के टैंडर डाले, 93 कार्यों के लिए अब 25 अप्रैल अंतिम दिन



**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** पालिका में टैंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत के बाद रूकी विकास की गति को अब से रफ्तार मिलने की संभावना बढ़ गई है। शिवचौक के सौंदर्यकरण व पालिका मुख्यालय टाउनहाल में सड़क निर्माण के साथ करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से नगर में 193 विकास कार्यों को पालिका प्रशासन धरातल पर लाने के प्रयासों में जुटा है। इसके लिए 100 कार्यों के टैंडर डल चुके हैं और अब 93 कार्यों के लिए टैंडर देने को 25 अप्रैल तक का समय निर्धारित है।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देशन में पालिका क्षेत्र में अब विकास कार्यों के लिए इंतजार कर रहे लोगों की परेशानी खत्म होने जा रही है। बीते 30 जनवरी को आयोजित हुई पालिका बोर्ड बैठक में नगर विकास के लिए 55 वार्डों में सड़क, नाली, नाला व दूसरी जरुरतों को देखते हुए 193 निर्माण कार्यों को पारित कराया था। इसके बाद से इनके धरातल पर आने का इंतजार लोग कर रहे थे। इनमें मुख्य रूप से शिवचौक पर सौन्दर्यकरण कार्य, 17.20 लाख रुपए से टाउनहाल में डैन्स सड़क और साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग कार्य, 39.90 लाख रुपए से किदवईनगर प्लांट पर लिगेसी वेस्ट भूमि की बाउंड्री वॉल, जनकपुरी में डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा चबूतरा, कूकड़ा चौराहे पर चबूतरे पर पत्थर-रेलिंग लगाने का कार्य, झांसी रानी पार्क के पास चौड़ीकरण का डिजाइन, मौ. जनकपुरी श्मशान घाट में 12 लाख रुपये से कमरा, वेदी स्थल निर्माण, कूकड़ा में 33.33 लाख रुपए से पालिका भूमि में मिट्टी भराव, 15.50 लाख से शहर की सड़कों का पैंच वर्क, ईदगाह के सामने चबूतरा निर्माण, 55 वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।

पालिका के कार्यवाहक एई कपिल कुमार ने बताया कि 30 जनवरी की बोर्ड बैठक में पारित किए 193 निर्माण कार्यों के लिए विभाग द्वारा टैंडर आमंत्रित किये गए हैं। इनमें 100 कार्यों के लिए 23 अप्रैल को टैंडर डालने की अंतिम तिथि थी और शेष 93 कार्यों के लिए टैंडर 25 अप्रैल तक आमंत्रित किये हैं। उन्होंने बताया कि 193 निर्माण कार्यों के लिए विभागीय एस्टीमेट के अनुसार 29 करोड़ 75 लाख 46 हजार 900 रुपये खर्च करने की योजना पालिका ने बनाई है। इनमें कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

**शेष : भारत ने पाकिस्तान को दिया झटका....**



अपना समर्थन नहीं छोड़ देता।

(2) अटारी वाघा एकीकृत चेक पोस्ट तत्काल प्रभाव से बंद हो जाएगी। जो लोग वैध वीसा के साथ पाकिस्तान गए हैं, वे एक मई से पहले उस मार्ग से लौट सकते हैं।

(3) सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) वीजा के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाता है। एसवीईएस वीजा के तहत वर्तमान में भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को 48 घंटे में भारत छोड़ना होगा।

(4) नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकार को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है। भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने स्वयं के रक्षा / नौसेना / वायु सलाहकारों को वापस ले लेगा। संबंधित उच्चायोगों में इन पदों को रद्द माना जाता है। सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी दोनों उच्चायोगों से वापस ले लिया जाएगा।

(5) उच्चायोगों में नियुक्तियों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर दिया जाएगा, जो एकमई से प्रभावी होगी।

विदेश सचिव ने कहा सीसीएस ने समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सभी बलों को उच्च निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। इसने संकल्प लिया कि हमले के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके प्रायोजकों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा के हालिया प्रत्यर्पण के साथ, भारत उन लोगों की खोज को लेकर कटिबद्ध होगा जिन्होंने आतंक के कृत्य किए हैं, या साजिश में शामिल हैं।

# भगवान भोलेनाथ से इंसाफ मांगने को शिवचौक पहुंचा युवक, चाकुओं से काटा अपना हाथ

**मुजफ्फरनगर, 23 अप्रैल (बु.)।** बुधवार की दोपहर शिवचौक पर उस समय शिवचौक के पुजारी और आसपास के लोग भौचक्के रहे गए जब एक युवक आया और उसने भगवान भोलेनाथ के सामने हाथ किया और उसे काटना शुरू कर दिया। जैसे ही युवक ने हाथ काटा तो खून के छींटे भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा व नंदीगण पर जा पड़ी। आसपास के लोगों ने इस पर ऐतराज जताया और कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और नशे में धुत्त युवक को शहर कोतवाली ले आई और युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह चन्द्रा टाकीज में फिल्म देखने गया हुआ था। फिल्म देखते देखते वह हॉल के अंदर सो गया और फिल्म खत्म होने के बाद जब वह बाहर निकला तो कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। इसी विवाद के चलते वह भगवान की शरण में इंसाफ मांगने के लिए आया था। युवक द्वारा बताया गया कि वह नई मण्डी का रहने वाला राहुल शर्मा है और रात्रि में रैन बसेरे में सोता है। पुलिस द्वारा युवक का जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया और कोई समाधान न दिखने पर नशे की हालत में युवक को छोड़ दिया गया।





## पहलगाम आतंकी हमले में मृत शुभम के पिता से योगी ने व्यक्त की संवेदनाएं

**लखनऊ, 23 अप्रैल (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा, '' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी जी का निधन अत्यंत दुखद है।'' उन्होंने शुभम के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुख की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। योगी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें।